<u>**राज्य सभा**</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3651

24 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात निर्यात की नीति

3651. श्री एम॰ पी॰ वीरेन्द्र कुमारः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान निर्यात किए जा रहे इस्पात की मात्रा कितनी है और उससे अर्जित राजस्व कितना है;

(ख) क्या घरेलू बाजार में इस्पात की ऊंची कीमतों का मुख्य कारण इस्पात निर्यातोन्मुखी नीति है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कीमतों को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/प्रस्तावित सुधारात्मक कदम क्या हैं?

<u>**उत्तर**</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): गत तीन वर्षों के दौरान भारत से निर्यात किए गए लौह और इस्पात का मात्रा और मूल्य-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वित्त वर्ष	**मात्रा (एमटी में)**	**मूल्य (मिलियन यूएसडी में)**
2016-17	14.04	8683.01
2017-18	15.89	11244.74
2018-19*	12.48	9742.01

स्रोत: डीजीसीआईएस, * अनंतिम

(ख) और (ग): इस्पात के लिए कोई विशिष्ट निर्यात नीति नहीं है। इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और देश में इस्पात की कीमतें बाजार द्वारा संचालित होती हैं।

****